शिक्षा ही सर्वोपरि
ED NEWS
student helper

डीजिटल ई-पेपर

educational news

संपादन एवं प्रकाशन
डॉ. सुबोध कुमार झा
मो. 91 82107 38308
डॉ. संजय कुमार
मो. 91 87896 00201
डॉ. रजनीश रंजन

संपादक मंडल
तन्वी रंजना, प्रीति प्रिया, मोना सिंह, अर्चना राय 'खुराफाती' नीतू झा, शिवम प्रियदर्शी

• वर्ष:03 • पेज:06 मंगलवार, 09 मई, 2023 हिन्दी दैनिक नि:शुल्क

# शिक्षण जीवन की अनमोल वृत्ती : डॉ रजनीश रंजन

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

☆ एक शिक्षक के गोद में निर्माण और प्रलय दोनों पलता है

☆ मध्य विद्यालय सहरसा पश्चिम में विद्यालय अनुभव कार्यक्रम का हुआ समापन

सहरसा

सोमवार को मध्य विद्यालय सहरसा पश्चिम में ईस्ट एन वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों का अठाईस दिवसीय विद्यालय अनुभव कार्यक्रम का समारोह पूर्वक समापन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि ईस्ट एन वेस्ट ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी प्राध्यापक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित के बाद दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया . मुख्य अतिथि सहित समानित अतिथि को प्रशिक्षुओं द्वारा पाग चादर व बुके भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया गया. समापन समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ रजनीश ने कहा कि जिसके अंदर निरंतर स्वाध्याय की प्रवृति हो वही शिक्षक बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे सकता हैं . कहा शिक्षण वृत्ति जीवन का सबसे अनमोल वृत्ति है. इसलिए शिक्षक को कर्तव्यनिष्ठ होकर अपने मर्यादा का हमेश ख्याल रखना चाहिए . उन्होंन कहा समाज के लोगों का शिक्षक के प्रति मान सम्मान व विश्वास इतना है कि लोग अपने बच्चो को शिक्षक के पास सुपुर्द कर देते है ताकि उनके बच्चे का निर्माण हो सकें. शिक्षा को अच्छी तरह से प्राप्त कर सके.उन्होंन कहा की इसलिए शिक्षा आज भी अपने मुल उद्देश्यों से नहीं भटका है हमें अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान बन शिक्षक की गरिमा को बनाये रखने की जरूरत




है .क्यों की चाणक्य ने कहा एक शिक्षक के गोद में निर्माण व प्रलय दोनों पलता हैं.समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने छात्राध्यापकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षण-प्रशिक्षण को अच्छे तरह से पुरा कर आदर्श शिक्षक बनने की प्रेरणा दिया.इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी ने बीएड प्रशिक्षुओं के बेह्तर कार्य की तारीफ करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया. कहा की सभी प्रशिक्षु ने ईमानदारी पूर्वक अठाईस दिवसीय विद्यालय अनुभव कार्यक्रम को सीखने में अपना अपना योगदान दिया .उन्होंन कहा की बेह्तर शिक्षण प्रशिक्षण के बाद ही एक दक्ष शिक्षक की मर्यादा को हासिल किया जा सकता है. बीएड प्रशिक्षु ज्ञानु कुमार के संचालन में आयोजित समारोह का धन्यवाद ज्ञापन पर्यवेक्षिका डॉ प्रियंका पांडेय ने किया . इस मौके पर विद्यालय के स्कूली बच्चों के द्वारा खुबसूरत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे अतिथियों के हाथों पुरुस्कृत किया गया.

## समाचार सार

### एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद में शिक्षक संघ का पुनर्गठन

दिनांक 8 मार्च 2023 को स्थानीय एस एन सिन्हा महाविद्यालय में शिक्षकों की विद्यमान समस्याओं का निराकरण करने, बेहतर शैक्षणिक वातावरण का माहौल बनाए रखने तथा सेवानिवृति के पश्चात शिक्षक संघ के पदाधिकारी के पद रिक्त होने के कारण शिक्षक संघ का पुनर्गठन किया गया।शिक्षक संघ के पदाधिकारी के रूप में डॉ. अख़्तर रोमानी- अध्यक्ष, डॉ. सिमी- उपाध्यक्ष, डॉ. एन पी सिंह -सचिव, श्री ओम प्रकाश वर्मा- संयुक्त सचिव, डॉ. शशिधर गुप्ता- कोषाध्यक्ष तथा डॉ. बबलू कुमार, मो. इंतखाब आलम एवं डॉ. ज्योतिर्मया का कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयन हुआ।चयनित शिक्षक संघ के पदाधिकारियो को प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार रजक, पूर्व प्रधानाचार्य डा उमाशंकर सिंह एवं वितेक्षक डॉ सुबोध कुमार झा सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने बधाई दिया एवं बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए जाने के प्रति आशा भी प्रकट की।शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न प्रस्ताव भी पारित हुए जिसमें शिक्षक संघ की सदस्यता शुल्क ₹50 से बढ़ाकर ₹100 प्रतिमाह किया गया।

# वर्तमान समय में बुद्ध शिक्षा की प्रासंगिकता

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

रघुनन्दन टीचर्स टेर्जनिंग कॉलेज मठियापुर, दानापुर, पटना की ओर से दिनांक 08-05-2023 को बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी का विषय था "वर्तमान समय में बुद्ध शिक्षा की प्रासंगिकता। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोद्द कमल प्रसाद बौद्ध ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अरुण कात्यायन (धर्माचार्य) तथा राजीव पटेल, इतिहासकार उपस्थित रहे। प्रायार्य ने अपने वक्तव्य में छात्रें को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के शिक्षा को काल के घेरे में बॉधा नही जा सकता है। यह भूत वर्तमान तथा भविष्य तीनो कालों में प्रासंगिक है। भगवान बुद्ध द्वारा दिये गये पंचशील की व्याख्या की तथा आज उसकी उपयोगिता पहले से कही ज्यादा है। भगवान बुद्ध ने अपने चार आर्य सत्यों तथा आंष्टिगक मार्ग के माध्यम से संसार के कल्याण की बात कही तथा समाज को करुणा तथा मैत्री का संदेश दिया। विश्व को आज युद्ध की नही है, शांति की जरूरत है।

धर्माचार्य अरुण कात्यायन ने विस्तार से बुद्ध के पंचशील की व्याख्या की तथा किस प्रकार पंचशील को आत्मसात् कर हम राग तथा द्वेष से स्वंय को मुक्त कर सकते है। साथ ही एक शांतिपूर्ण तथा अहिसंक व समान समाज की स्थपाना कर सकते हैं। इस अवसर पर इतिहासकार राजीव पटेल ने कहा कि भगवान बुद्ध को अगर हम शोधकर्ता कहे तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी क्योकि उन्होंने बताया कि मानव मन जब व्यथित होता है तो शरीर भी प्रभावित होता है। हम किस प्रकार ध्यान तथा विपश्यना के माध्यम से इस मन को नियंत्रित तथा निर्मल कर सकते है। आज हमें मानवतावादी शिक्षा पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी शिक्षकों तथा छात्र-छात्रओं ने अपने अपने वक्तवय दिये। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका अर्चना श्रीवास्तव ने किया।

# विश्व रेडक्रॉस एवं रेड क्रिसेंट डे का आयोजन







## एस. एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

स्थानीय एस. एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हेनरी ड्यूनाट के जन्म दिवस पर मनाया जानेवाला विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट डे का आयोजन आज दिनांक 8 मई 2023 को प्राचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार रजक की अध्यक्षता में किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश वर्मा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा इस वर्ष के थीम **"Every thing we do comes from the heart"** पर प्रकाश डाला। इस क्रम में कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. उमाशंकर सिंह ने वर्तमान समय में विभिन्न त्रासदियो का सामान करने मानव समुदाय की सेवा में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस डे प्रकाश डाला।

उपकुलानुशासक डॉ. अख्तर अख्तर रोमानी ने रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना दिवस 08/05 1948 को प्रथम अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस डे मनाए जाने, हेनरी डयुनाट द्वारा किए कार्य, एवं इससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाक्रम पर प्रकाश डाला।

आइ. क्यू. ए. सी. के समन्वयक एवं अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार झा ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सीय एवं गैर चिकित्सीय दोनों प्रकार का सहयोग प्रदान करता है। रेडक्रॉस के स्वयंसेवक सेवा और राहत के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। पुस्तकालय प्रभारी डॉ. एन पी सिंह ने रेड क्रॉस सोसाइटी के दोनों मोटो युद्ध में पूनार्थ कार्य एवं मानवता से शांति के संदर्भ में विश्लेषण कर बतलाया।

मंच का संचालन मो. इंतखाब आलम एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बबलू कुमार ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक संवर्ग से डॉ. शशिधर गुप्ता, डॉ. कविंदर भगत, डॉ. ज्योति माया, डॉ. राजकुमार मिश्रा, सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, प्रमिला कुमारी, डॉ. नूतन कुमारी, गीता कुमारी, चंदन कुमार, शिक्षकेतर कर्मी संवर्ग से शशि भूषण कुमार सिंह, राज नारायण भगत, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, विकाश कुमार, अलबेला कुमार, चंदन कुमार, सुनील कुमार मेहता एवं मो. शमीम व अनेक छात्र /छात्राएं तथा स्वयंसेवक उपस्थित हुए।




# स्नातकोत्तर विधि विभाग में लेखन प्रतियोगिता आयोजित

## पटना विश्वविद्यालय

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

दिनांक 8 मई को स्नातकोत्तर विधि विभाग पटना विश्वविद्यालय में समाज में शांति और सद्भाव स्थापित करने में भगवान बुद्ध का योगदान विषय पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें करीब विधि विभाग के 10 छात्रों ने भाग लिया सबसे अच्छे लेखन का मूल्यांकन कमेटी द्वारा की जाएगी जिसमें विधि विधि विभाग के विभागाध्यक्ष तथा संकाय अध्यक्ष होंगे जिसका रिजल्ट 15 मई को होगा प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को सम्मान दिया जाएगा



# बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 42वें महाधिवेशन में सम्मानित हुए डॉ. अजय कुमार

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज




बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के ४२वें महाधिवेशन में डॉ. अजय कुमार को 'डॉ. रवीन्द्र राजहंस स्मृति सम्मान' से विभूषित किया गया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. कुमार को काव्य लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उक्त सम्मान प्रदान किया गया है। उनकी रचनाएं लगभग बाइस साझा काव्य संग्रह में प्रकाशित हो चुकी है।

उनकी चुनिंदा कविताएं अमेरिका एवं कनाडा से प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित हिन्दी पत्रिका में स्थान पा चुकी है। सामाजिक सरोकार एवं पर्यावरण चेतना के इर्द-गिर्द घुमती उनकी रचनाओं को पाठक गण बहुत ही पसंद करते हैं। वर्तमान में डॉ. कुमार पटना कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में कार्यरत हैं। अंग्रेजी साहित्य एवं भाषा के शिक्षक होने के साथ साथ डॉ. कुमार हिन्दी कविता के क्षेत्र में चर्चित कवि हैं। हिन्दी साहित्य लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें सरदार भगतसिंह काव्य लेखन सम्मान, दिल्ली साहित्य रत्न, काव्य श्री सम्मान, साहित्य शिखर सम्मान एवं कई विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय इकाई द्वारा टी पी एस कॉलेज का पुनः गठन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय संयोजक प्रियरंजन सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी अजय कुमार पटेल, विस्तारीका मोनालिसा ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कर किया।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय संयोजक प्रियरंजन ने कहा कि ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र को आत्मसात कर और छात्र शक्ति एवं राष्ट्रशक्ति के भाव को लेकर काम करने वाला एक मात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल नेसंगठन विस्तार के बारे मे और संगठन के 75 वर्षा की संघर्ष पर बिन्दुवार तरीके से अपनी बात को रखेमहानगर विस्तारीका मोनालिसा ने छात्रों को मिशन साहसी के बारे में और छात्रों की सुरक्षा हेतु महवपूर्ण बिंदु पर चर्चा की जिसके उपरांत पुरानी इकाई को भंग कर नए कॉलेज इकाई की घोषणा की गयी

अध्यक्ष -प्रियंशु कुमार

उपाध्यक्ष - हिमांशु सहाय, कोमल कृति, साकेत

मंत्री - प्रशांत गौरव,

सह मंत्री- अभिषेक गौरव, निशांत,

छात्रा प्रमुख - सुष्मिता देव,

वही मंच संचालन कॉलेज ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनिमेश आनंद ने किया केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य नीतीश पटेल सभी नूतन कार्यकर्ताओं को बढ़ाई और शुभकामनाएं दीं वही अभिजीत, सृष्टि, खुशबु, अन्नू, रोहित ,सौरभ, आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे

# अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

## जैव रसायन शास्त्र विभाग, पटना विवि

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज




जैव रसायन शास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय में दिनांक 08 मई 2023 को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्नातकोत्तर में पढ़ रहे सेमेस्टर दो एवम् सेमेस्टर चार के छात्र छात्राओं के अभिभावकों को आमन्त्रित किया गया था।

सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रजनीश कुमार ने आए हुए सभी अभिभावकों का स्वागत किया एवम उन्हें विभाग के शिक्षकों का परिचय दिया। उन्होंने अभिभावकों के सामने विभाग की रुपरेखा प्रस्तुत की तथा चल रही कक्षाओं के बारे में भी अवगत कराया। छात्र छात्राओं की उपस्थिति का मुद्दा भी उन्होंने अभिभावकों के समक्ष रखा एवम उनसे अपने बच्चों को लगातार प्रेरित करने का आग्रह भी किया।

इस अवसर पर कई अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने विभाग के प्रयासों की सराहना करने के साथ कई सुझाव भी दिए। एक ओर जहां अभिभावक श्री ओमकार प्रसाद सिंह ने छात्रों के प्लेसमेंट का मुद्दा उठाया वहीं श्री रविंद्र कुमार ने विभाग में प्रैक्टिकल स्किल बढ़ाने की बात की। श्री मोहम्मद शाहिद रजा ने छात्रों के प्रति विभाग की सक्रियता की तारीफ की तथा लगातार विभाग एवम अभिभावकों के बीच सम्वाद बनाए रखने की वकालत की। मोहम्मद असलम सिद्दिकी जैसे कई अभिभावक विभाग में अपने बच्चे के बर्ताव के बारे में जानने में भी उत्सुक दिखे। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर व्योमेश विभव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कविता

### चाह की दुकान

सलाम में झुक,हाथ ना हिला।
कलाम पढ़,क्या देखता किला।

ख़ूबसूरती के दाम बूझता है।
पूछता है कुर्ता किसने सिला ?

गुदगुदी सी होती है घायल को,
पायलें जब सुनाती हैं ग़िला।

नादां नज़रों की सुराही है खाली,
ताली मत बजा, होंठों से पिला।

पाकशाला परखता है दिमाग से,
ज़ुबान क्यों कहे,कुछ नया खिला।

सब ख़ता मंजूर,पर जुर्म तो जता,
ये बता,कबतक चलेगा सिलसिला ?

चाय की नहीं दुकान मेरी,चाह की है,
राह में खड़ा मण्डेला,नज़र तो मिला।

**सत्येन्द्र मण्डेला**



# अरबी-फ़ारसी विश्वविद्यालय में प्रबंधन के विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

पटना ( 8 मई 2023) "ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण हमारा प्राथमिक और महत्वपूर्ण दायित्व है" यह बात आज मौलाना मजहरूल हक़ अरबी-फ़ारसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह प्रबंधन विभाग के निदेशक प्रोफ़ेसर मो.

फैजानुद्दीन ने कही. आज विश्वविद्यालय परिसर में एनवायरनमेंट वारियर्स के तत्वाधान में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया. इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंधन विभाग के निदेशक ने कहा कि 'वृक्षारोपण करके ही हमारी दायित्व समाप्त नहीं हो जाती है बल्कि इसकी देख-रेख, संरक्षण और संवर्धन भी होनी चाहिए. विश्वविद्यालय परिसर को हरित- भरित करने का दायित्व सामूहिक है. इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के प्रथम वर्ष की छात्रा सभ्यता को परिसर को हरित करने हेतु ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है. वृक्षारोपण अभियान में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉक्टर तृष्णा, डॉक्टर जयंती,डॉक्टर



मुक्ता, ऋचा, चंद्रेशवरी, डॉक्टर मुमताज़, डॉक्टर जावेद सहित एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन, प्रवीण,निर्भय, तहसीन, निशान्धिता, रितिक, नंदनी,अमित, दिग्विजय,मुस्कान,उज़्मा,अंजुम,काजल और शाकिब ने भाग लिया.

# ईस्ट एन वेस्ट परिवार ने निदेशिका मनीषा रंजन का किया स्वागत

## प्रभात खबर द्वारा शाइनिंग स्टार्स अवार्ड के लिए दी बधाई

संवाददाता | **एजुकेशनल न्यूज**



सहरसा

शनिवार को प्रभात खबर द्वारा मौर्या होटल पटना में ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की निदेशिका सह भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्या मनीषा रंजन को बिहार के राज्यपाल विश्वानर अलंकरण के हाथों शाइनिंग स्टार्स ऑफ बिहार अवार्ड सम्मान दिये जाने पर खुशी जाहिर किया गया.सोमवार को निदेशिका के महाविद्यालय आगमन पर महाविद्यालय परिवार की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया.

निदेशिका मनीषा रंजन को मिले इस सम्मान पर महाविद्यालय परिवार की ओर से एक स्वागत समारोह आयोजित कर उन्हें प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा डिप्टी डायरेक्टर मिथिलेश कुमार उप प्राचार्य विनोद विनायक जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज नोडल अंशु कुमार गुप्ता ने मैडम को बुके भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया.इस अवसर पर पुरे महाविद्यालय परिवार ने एक -एक कर बुके भेंट कर निदेशिका मैडम का मिले सम्मान व अवार्ड के लिए स्वागत व अभिनंदन किया गया. प्रभात खबर द्वारा प्राप्त शाइनिंग ऑफ बिहार अवार्ड के लिए प्राप्त प्रमाण-पत्र के लिए निदेशिका ने सभी के प्रति आभार व्यक्त की उन्होंने कहा की यह सम्मान आप सभी के स्नेह व प्रेरणा का फल है. हमेशा अपने अपने कर्म पथ पर आगे बढ़ते हुए समाज और देश के प्रति काम करते रहेंगे.

मॉं कमला चंद्रिका जी विद्यापीठ
Start your Journey to excellence
इंटर पास विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर
Degree courses Course Offered
BMLT| B.Ophthal | BOTT
100 % Placement Assistance
HelpLine Number: 9006302898 | 9334167615 | 9973332566
Kasiyawa, Hulashganj, Jehanabad
JOB VACANCY Apply Now!
Vacancy
Principal / Vice Principal Lecturer
Qual. BMLT|MMLT|BOTT|MOTT|DOTA|B.Optom|M.Optom|D.Optom|MBBS|BDS|M.Sc(Micro)|M.Sc(Patho)
B.Ophthal|M.Ophthal
Salary According To Your Experience
Send Your Resume to the Whats-App Number And E-Mail
Contact Us- 7857803190 info@www.mkcvidyapeeth.com

# अंबेडकर कराटे टीम जाएगी मनीला और काठमांडू, समर कैम्प 17 से 23 मई तक

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

पटना ; गोपाल कुमार। आगामी जून माह में काठमांडू (नेपाल) एवं अगस्त माह में अम्बेदकर खेल बिहार की कराटे टीम मनीला (फिलीपिन्स) जाएगी। उक्त बाबत जानकारी 17 मई से 23 मई तक आयोजित होने वाले अम्बेदकर खेल के समरकैंप निदेशक शिवम कुमार ठाकुर ने दी। सोमवार को राजधानी पटना में नेपाल के वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक व डब्लू. के. एफ. रेफरी विशन मोटे एवं एशियन कराटे प्रशिक्षक प्रदीप सरकार को अम्बेदकर एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट की ओर से मुख्य अतिथि शिक्षाविद व बिहार पब्लिक स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोशिएशन के महासचिव प्रेम रंजन के हाथों स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कराटे के तकनिकी कमिटी के देश प्रमुख व पूर्व एशियन रीजन प्रमुख सेंसई जे.के. दास भी मौजूद थे। समर कैम्प में चौदह वर्ष तक के स्कूली छात्र छात्राओं के लिए कराटे, कैरम, शतरंज, मधुबनी पेंटिंग, स्केटिंग, समान्य पेंटिंग एवं कला का प्रशिक्षण व टूर्नामेंट भी आयोजित की जाएगी। कैम्प सुबह आठ बजे से दोपहर 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। कैम्प के बच्चों को दोपहर का खाना भी प्रदान किया जाएगा। समापन समरोह में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। कैम्प की तकनिकी प्रमुख वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक सीमा सिंह एवं श्री अभिषेक कुमार होंगें। कैम्प के दौरान ही विदेश जाने वाले कराटे एवं शतरंज टीम का चयन किया जाएगा। जबकि पेंटिंग में कुशल कलाकार को बिहार के राजभवन में बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विस्तृत जानकारी के लिए दुरभाष एवं अम्बेदकर खेल बिहार के बेवसाईट **www.ambedkarkhelvihar.org** के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।




## समाचार सार

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशी कुमारी को सम्मानित किया

बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में इंपीरियल सोकर क्लब ने दिनांक 6/05/2023 दिन शनिवार को पटना के होटल कामधेनु में अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी खुशी कुमारी एवम सीनियर बिहार बीच सोकर फुटबॉल के सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए सम्मान समारोह सह प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया।

जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जेडीयू राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद एवं आरजेडी प्रवक्ता मृतुंजय तिवारी ,वहीं विसिस्ट अतिथि के तौर पे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद सबीहुद्दीन अहमद ,बिहार फुटबॉल के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन,मौजूद थे

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राजीव रंजन एवम मृंतूजय तिवारी ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशी कुमारी को चादर और पुष्प गुलदस्ता देकर सम्मानित किया,साथ ही खुशी कुमारी को भविष्य में अच्छा करने की शुभकामना दिया। इसके बाद इंपीरियल सोकर के मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष के द्वारा भी इनको चादर देकर सम्मानित किया गया।वहीं इसके बाद बिहार सीनियर बीच सोकर के तमाम खिलाड़ी और अधिकारी को राकेश कुमार,एकलव्य महिला कोच पिंकी कुमारी एवम राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी अंशा के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

# मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्र का शुभारंभ आज

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र का उद्घाटन समारोह मंगलवार को पूर्वाह्न 11:45 बजे से निर्धारित है। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) आर. के. पी. रमण करेंगे, जबकि जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका और जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद विशिष्ट अतिथि होंगे। अतिथियों का स्वागत कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर और संचालन उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर करेंगे।

कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से समारोह में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर

डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना द्वारा उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस केंद्र की शुरुआत की गई है। इसमें विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है।



बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार, पटना (बिहार)
द्वारा संचालित
मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्र, मधेपुरा
बिहार सरकार
भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय
लालूनगर, मधेपुरा- 852113 (बिहार)
09 मई, 2023 उद्घाटन समारोह समय : पू. 11:45

## कुल 120 सीटों पर होगा नामांकन

कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका ने बताया कि केन्द्र में नामांकन हेतु दो सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुका है। इनमें से अंक के आधार पर 120 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जो 60-60 के दो बैच में अध्यापन करेंगे। 06 माह के लिए संचालित किया जाएगा। कुल उपलब्ध सीटों में से 40 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत अति पिछड़ा वर्ग के लिए अनुमान्य है। दोनों कोटियों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत छैतीज आरक्षण की व्यवस्था है।